राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /446/ 2025 दिनांकः 03, मार्च, 2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः राष्ट्रीय युवा सांसद उत्सव 2025 के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याः रा0से0यो0क्षेत्रीय0नि0/लखनऊ /2024– 25/10105–10221 दिनांक 29 जनवरी 2025 का संदर्भ ग्रहण करें। इस संबंध में आपको अवगत कराना है कि राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव फेस्टिवल 2025 का आयोजन राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में 1 मार्च से 17 मार्च के मध्य होना सुनिश्चित है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को 1 से 9 मार्च 2025 तक माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। माय भारत My Bharat पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत इसी पोर्टल पर एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (ELP) के अंतर्गत वीडियो हेतु विषय दिए गए हैं। इनमें से किसी एक विषय पर छात्र–छात्रा को 3 मिनट की वीडियो बनाकर 2 मार्च से 9 मार्च 2025 तक माय भारत पोर्टल पर अपलोड करनी है। इसमें 150 वीडियो का चयन करके कर उन छात्र/छात्राओं को जिला स्तर पर युवा संसद में वन नेशन वन इलेक्शन विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर 12 मार्च से 17 मार्च 2025 के मध्य विश्वविद्यालय परिसर, लोधा, अलीगढ़ में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

इसमें से चयनित 10 छात्र/छात्राओं को लखनऊ में राज्य स्तरीय तथा उसमें से चयनित स्टूडेंट को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय में प्रतिभाग करने वाले छात्र/ छात्राओं को समुचित नाश्ता की व्यवस्था होगी और आने जाने का टी0ए0 भी देय होगा।

इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं का My Bharat पोर्टल पर पंजीकरण तथा युवा सांसद हेतु वीडियो अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। जिससे उनकी प्रतिभागिता युवा सांसद फेस्टिवल में हो सके।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीय

(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. नोडल अधिकारी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

03/03/25
कुलसचिव

V letter